# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बुहाना जिला झुंझुनूं (राज0)

पीठासीन अधिकारी :– सुमन देवी (RAS)
मुकदमा नम्बर :– 308 / 2022
**GCMS NO. 2022/485**

1. जसवीर पुत्र दयानन्द जाति ब्राहम्ण निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज0)
2. राजवीर पुत्र दयानन्द जाति ब्राहम्ण निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज0)

..................प्रार्थीगण / आवेदकगण

— ब ना म —

1. राजेन्द्र पुत्र सुरताराम जाति स्वामी निवासी चिडालिया तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ (हरि0)
2. रामानन्द पुत्र सुरताराम जाति स्वामी निवासी चिडालिया तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ (हरि0)
3. भानीसहाय पुत्र चन्द्रसहाय जाति अहीर निवासी निहालोठ तह. बुहाना जिला झुंझुनूं (राज0)
4. सुभाष पुत्र चन्द्रसहाय जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज0)
5. सांवत पुत्र पुत्र चन्द्रसहाय जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज0)
6. अन्जू पुत्री रणधीर सिंह जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
7. उर्मिला पुत्री हरदयाल जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
8. कमला पुत्री छाजू जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
9. कृष्ण कुमार पुत्र हरदयाल जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
10. छागाराम पुत्र घीसा जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज. )
11. जतन पुत्र रणधीर सिंह जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
12. तेजप्रकाश पुत्र रणधीर सिंह जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
13. पुजा पुत्री रणधीर सिंह जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
14. फूलचन्द पुत्र रामजीलाल जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
15. फूला पुत्री छाजू जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
16. फूला पुत्री घीसा जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Suman Devi
Date: 2025.04.30 15:52:14 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुंझुनूं (राज.)

17. बिनोद पुत्री हरदयाल जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
18. मनीषा देवी पत्नी अशोक कुमार जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
19. मूर्ति पत्नी घीसा जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
20. माया पुत्री छाजू जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
21. रामकुमार पुत्र घीसा जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
22. रोताश पुत्र रामजीलाल जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
23. लाली पुत्री घीसा जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
24. लीलाराम पुत्र घीसा जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
25. विजयसिंह पुत्र हरदयाल जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
26. शर्मिला पुत्री रणधीर सिंह जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
27. शांति देवी पत्नी स्व. हरदयाल जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
28. सत्यनारायण पुत्र रामजीलाल जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
29. सुनिता पुत्री घीसा जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
30. सरोज देवी पत्नी स्व. रणधीरसिंह जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
31. कैलाशचन्द पुत्र प्रसादा जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
32. सरबती पत्नी प्रसादा जाति अहीर निवासी निहालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज.)
33. बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा भालोठ जरिये शाखा प्रबन्धक शाखा भालोठ तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं (राज0)
34. लैण्ड होल्डर तहसीलदार बुहाना।

....................अप्रार्थीगण / अनावेदकगण

उपखण्ड अधिकारी बुहाना, जिला झुंझुनूं (राज.)

**प्रार्थना पत्र बाबत – पत्थरगढ़ी**
**अन्तर्गत धारा 111 / 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956**

Signature Not Verified

Digitally signed by Suman Devi
Date: 2025.04.30 15:52:14 IST
Reason: SelfAttested

उपस्थित :–

श्री प्रदीप कुमार सैन अभिभाषक प्रार्थीगण / आवेदकगण

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुन्झुनूं (राज.)

—: निर्णय :— दिनांक :— 26.03.2025

उपर्युक्त उनवानी प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण की ओर से दिनांक **29.06.2022** को इस आशय का पेश किया गया है कि :—

1. यह कि वाके ग्राम निहालोठ स्थित भूमि खसरा नम्बर 22, 355, 356 किता 3 रकबा 0.84 हेक्टेयर का खातेदार काश्तकार आवेदकगण दर्ज राजस्व रिकार्ड है तथा अपने रकबा पर शांति पूर्वक काबिज काश्त है।
2. यह कि आवेदकगण के खेत खसरा नम्बर 355 व 356 की दक्षिणी सीमा में खसरा नम्बर 357 की सीमा लगती है जिसके खातेदार काश्तकार अनावेदक संख्या 1 व 2 है, पश्चिम सीमा में खसरा नम्बर 353 व खसरा नम्बर 354 की सीमा लगती है जिसके खातेदार काश्तकार अनावेदक संख्या 3 लगायत 30 है तथा उत्तरी सीमा में खसरा नम्बर 316 की सीमा लगती है जिसके खातेदार काश्तकार अनावेदक संख्या 31 व 32 है तथा अपने—अपने हिस्से पर शांति पूर्वक काबिज है। अनावेदक संख्या 28, 31 व 32 ने अनावेदक संख्या 33 से अपने हिस्सा की भूमि पर ऋण ले रखा है।
3. यह कि आवेदकगण ने अपने कब्जा काश्त भूमि का सीमाज्ञान दिनांक 10.08.2021 को पटवारी हल्का से करवाया पटवारी हल्का ने आवेदकगण को उसके राजस्व रिकार्ड अनुसार दर्ज रकबा एवं कब्जा की सीमाओं का ज्ञान करवाया तथा सीमाचिन्ह लगाये आवेदकगण अपने रकबा पर पटवारी द्वारा करवाये गये सीमाज्ञान एवं सीमाचिन्हों तक कायम है लेकिन अनावेदकगण दिनांक 10.08.2021 का पटवारी हल्का द्वारा कायम की गई सीमा एवं सीमाचिन्हों को कायम नहीं रहने देते है तथा सीमा के चिन्हों को बार बार वहां से हटा देते है जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन जाती है।
4. यह कि आवेदकगण ने कब्जा काश्त की भूमि की सीमाओं को अनावेकगण कायम नहीं रहने देते है तथा चारों दिशाओं से सीमाओं को दबा लिया है जिससे आवेदक को भारी हकतलफी हो रही एवं ऐसी अपूर्तनीय क्षति कारित हो रही है जिसका मुद्रा में मुल्यांकन नहीं किया जा सकता है।
5. यह कि आवेदकगण दिनांक 10.08.2021 को पटवारी हल्का द्वारा कायम की गई सीमा एवं सीमाचिन्हो को कायम नहीं करने देते है। इसलिए आवेदकगण द्वारा यह आवेदन पत्र बाबत पत्थरगढ़ी करवाये जाने के लिए पेश किया जाना आवश्यक हुआ एवं पटवारी हल्का द्वारा सीमा पर लगाए गये चिन्हों पर पुख्ता पीलर बनाकर अथवा पत्थर गाढ कर पत्थरगढ़ी करवाया जाना आवश्यक हुआ है एवं न्यायोचित है जिससे कि मौके पर तनाव ना रहे तथा शांति व्यवस्था बनी रहे।
6. यह कि विवादित भूमि वाके ग्राम निहालोठ तहसील बुहाना में स्थित कृषि भूमि है जिसके संबंध में यह आवेदन पत्र सुनवाई का क्षेत्राधिकार न्यायालय श्रीमान् जी को प्राप्त है।
7. यह कि आवेदन बाबत पत्थरगढ़ी के लिए 2/— रूपये कोर्ट फीस नियत है। अतः आवेदन पत्र कुल 2/—रूपये कोर्ट फीस पर न्यायालय श्रीमान् जी की सेवामें पेश है।
8. यह कि विवादित भूमि का अपडेटेड रिकार्ड पेश किया है। इसके बाद इसको रहन, बेचान, गिरवी नहीं किया है। आवेदन प[illegible]न में आवेदक का शपथ पत्र साथ में पेश है।
9. **अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि**

(क) वाके ग्राम निहालोठ स्थित भूमि खसरा नम्बर 355 रकबा 0.04 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 356 रकबा 0.67 हेक्टेयर की सीमाएं पटवारी हल्का की सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 10.08.2021 के अनुसार कायम की जावे तथा श्रीमान् तहसीलदार महोदय

Signature Not Verified
Digitally signed by Suman Devi
Date: 2025.04.30 15:52:14 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी, बुहाना, जिला झुंझुनूं (राज.)

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुन्झुनूं (राज.)

को पटवारी हल्का की रिपोर्ट दिनांक 10.08.2021 के अनुसार सीमा पर पुख्ता पत्थर गाढ कर पत्थरगढ़ी किये जाने का आदेश दिये जाने की कृपा करें।

10. प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण की तामील जारी की गई।
11. अप्रार्थी संख्या 1 व 2 की ओर से श्री अनुपसिंह एडवोकेट ने वकालतनामा पेश किया परन्तु पर्याप्त अवसर दिये जाने के उपरान्त भी अप्रार्थी संख्या 1 व 2 की ओर से जवाब पेश नहीं होने पर इनका जवाब अवसर बन्द किया गया। अप्रार्थी संख्या 3 से 34 बावजूद सम्यक सूचना के अनुपस्थित रहने पर इनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई।
12. प्रार्थीगण की ओर से पत्रावली पर दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में राजस्व ग्राम **निहालोठ** पटवार हल्का **रायपुर अहीरान** की नकल जमाबन्दी संवत 2075–2078 हाल खाता संख्या 55, 163, 97, 81, 23 पेश हुई व सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 10.08.2021 द्वारा पटवारी हल्का रायपुर अहीरान की प्रमाणित प्रति पेश हुई।
13. आवाज पर अधिवक्ता प्रार्थीगण उपस्थित आये। अधिवक्ता प्रार्थीगण के निवेदन पर बहस अधिवक्ता प्रार्थीगण एक पक्षीय सुनी गई। प्रार्थीगण के द्वारा हस्तगत प्रार्थना पत्र के जरिये मुख्य अनुतोष यह चाहा गया है कि वाके ग्राम निहालोठ स्थित आवेदकगण की खातेदारी की भूमि खसरा नम्बर 355 रकबा 0.04 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 356 रकबा 0.67 हेक्टेयर की सीमाएं पटवारी हल्का की सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 10.08.2021 के अनुसार कायम की जावे तथा श्रीमान् तहसीलदार महोदय को पटवारी हल्का की रिपोर्ट दिनांक 10.08.2021 के अनुसार सीमा पर पुख्ता पत्थर गाढ कर पत्थरगढ़ी किये जाने का आदेश दिये जाने की कृपा करें।
14. पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व अभिलेख का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं अध्ययन किया गया तथा अधिवक्ता प्रार्थीगण की बहस पर मनन किया गया। जमाबन्दी सम्वत् 2075–2078 ग्राम **निहालोठ** पटवार हल्का **रायपुर अहीरान** तहसील बुहाना के हाल खाता संख्या **55** के अवलोकन से स्पष्ट है कि वाद वर्णित भूमि खसरा नम्बर 355 रकबा 0.04 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 356 रकबा 0.67 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.71 हेक्टेयर भूमि प्रार्थीगण की एकांकी खातेदारी की भूमि है। फर्द मौका सीमाज्ञान दिनांक 10.08.2021 द्वारा पटवारी हल्का **रायपुर अहीरान** के अवलोकन से भी स्पष्ट है कि प्रार्थीगण ने विवादित भूमि का सीमाज्ञान भी विधिवत् रूप से करवाया है तथा सीमाज्ञान आदेश दिनांक 10.08.2021 के अनुसार ही [illegible] करवाना चाहते है। जो विधिसम्मत है। लिहाजा

Signature Not Verified
Digitally signed by Suman Devi
Date: 2025.04.30 15:52:14 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुन्झुनूं (राज.)

## आदेश

15. अतः प्रार्थीगण का हस्तगत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार (भू0अ0) बुहाना को आदेश दिया जाता है कि वह वाके ग्राम **निहालोठ** पटवार हल्का रायपुर अहीरान तहसील बुहाना स्थित प्रार्थीगण की एकांकी खातेदारी की भूमि खसरा नम्बर 355 रकबा 0.04 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 356 रकबा 0.67 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.71 हेक्टेयर की चारों सीमाओं की पटवारी हल्का **रायपुर अहीरान** की सीमांकन रिपोर्ट दिनांक 10.08.2021 के अनुसार **2,000/–** रूपये की फीस पर उपरोक्त भूमि के चारों तरफ लगने वाले खसरा नम्बरों के खातेदार अप्रार्थीगण की मौके पर उपस्थिति में भूमि खसरा नम्बर 355 रकबा 0.04 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 356 रकबा 0.67 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.71 हेक्टेयर की चारों सीमाओं का पुनः सीमाकंन करवाया जाकर पुख्ता पिल्लर पत्थरगढ़ी करवायें तथा पालना रिपोर्ट यथाशीघ्र भिजवावें। निर्णय की पालना हेतु तहसीलदार (भू0अ0) बुहाना के नाम तहरीर जारी हो।

16. निर्णय आज दिनांक **26.03.2025** को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी बुहाना, जिला झुंझुनू (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Suman Devi
Date: 2025.04.30 15:52:14 IST
Reason: SelfAttested

26/03/2025

(सुमन देवी)
उपखण्ड अधिकारी बुहाना
उपखण्ड अधिकारी बुहाना जिला झुंझुनू (राज.)